डाक पंजीयन क्रमांक - म.प्र./भोपाल/357/2024-26

मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967

# मध्यप्रदेश सहकारी समाचार

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल का प्रकाशन

Website : www.mpscu.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in

हिन्दी/पाक्षिक

प्रकाशन 1 जनवरी, 2024, डिस्पेच दिनांक 1 जनवरी, 2024

| वर्ष 67 | अंक 15 | भोपाल | 1 जनवरी, 2024 | पृष्ठ 8 | एक प्रति 7 रु. | वार्षिक शुल्क 150/- | आजीवन शुल्क 1500/- |

## मध्यप्रदेश को विकास के लिए मिलेगी 5727 करोड़ की अतिरिक्त राशि

**भोपाल/नई दिल्ली:** मप्र को विकास के लिए मिलेगी 5727 करोड़ की अतिरिक्त राशि – केन्द्र सरकार ने राज्यों को कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त के रूप में 72,961.21 करोड़ रूपये की कर हस्तांतरण राशि की अतिरिक्त किश्त की स्वीकृति दे दी है। जारी की गई किश्त 10 जनवरी 2024 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण और 11 दिसंबर 2023 को पहले जारी की गई 72,961.21 करोड़ रुपये की किश्त के अतिरिक्त है।

मध्यप्रदेश को दिसम्बर 2023 के लिये केन्द्रीय करों और शुल्कों की कुल राशि 5727.44 करोड़ रूपये मिलेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ को 2485.79 करोड़ एवं राजस्थान को 4396.64 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी प्रकार अन्य राज्यों के लिए भी राशि जारी की गई है।उल्लेखनीय है कि आगामी त्यौहारों के सीजन और नववर्ष को मद्देनजर, केंद्र सरकार ने विभिन्न सामाजिक कल्याण उपायों और बुनियादी ढांचागत विकास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए राज्य सरकारों की मदद के लिए 72,961.21 करोड़ रुपये की कर हस्तांतरण राशि की अतिरिक्त किश्त को स्वीकृति दी है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से सौजन्य भेंट कर प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शुभकामनाएं दीं और आशा प्रकट की कि प्रदेश की नई सरकार विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी और जनकल्याण का नया अध्याय लिखेगी।डॉ. यादव ने केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय संचार, रेल एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, नागर विमानन और इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी शिष्टाचार भेंट कर राज्य के विकास के संबंधित अनेक विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री को राज्य के विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पदभार ग्रहण करने के उपरान्त केंद्रीय मंत्रियों से ये पहली मुलाकात थी।

## देश की 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनाना मेरा सपना- प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देवास जिले की रूबीना बी से किया वर्चुअली संवाद**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय वीसी से जुड़े**

**प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वीसी से हितग्राहियों से किया संवाद**



भोपाल : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं में से कम से कम 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनना मेरा सपना है। गांव की महिला समृद्ध होगी तो देश समृद्ध बनेगा। देश की माताओं और बहनों का आत्मविश्वास ही देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से मध्यप्रदेश में देवास जिले की श्रीमती रूबीना बी से वर्चुअली संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती रूबीना बी से उनके जीवन संघर्ष, शासकीय योजना से मिले लाभ और उपलब्धियों के बारे में बात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में कार्यक्रम में वीसी से जुड़े।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को श्रीमती रूबीना ने बताया कि वह वर्ष 2017 में आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ी। समूह में सबसे पहले उन्होंने ही 5 हजार का ऋण लिया और फेरी लगाकर कपड़े बेचने कार्य प्रारम्भ किया। कपड़े बेचने से आय बढ़ने लगी। उन्होंने इसके बाद समूह एवं बैंक से ऋण लेकर मारूती वेन खरीदी, जिससे गांव-गांव जाकर कपड़े एवं कटलरी का सामान बेचने लगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई तो उन्होंने बैंक से ऋण लेकर टवेरा गाड़ी खरीदी, जिससे उनके बेटे को भी रोजगार मिला। मारूती एवं टवेरा से फायदा होने पर रूबीना बी ने रेडिमेड कपड़े की दुकान देवास में खोली। रूबीना बी आज वे 20 से 25 हजार रुपए तक की आय अर्जित कर रही है। उनके पति बकरी पालन कार्य, बेटा टवेरा एवं वेन का संचालन और वे कपड़े की दुकान का संचालन करती है। साथ ही वे आजीविका मिशन में सीआरपी के रूप में भी कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती रूबीना के जीवन संघर्ष और निरंतर आगे बढ़ते रहने की भावना के लिए अभिनंदन किया। उन्होंने श्रीमती रूबीना को उनकी बेटियों को उच्च शिक्षा देने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इससे इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को गांव-गांव के विकास का महोत्सव बनाएं, जिसके पास खुद का घर नही है, उसे घर मिले, जिसे गैस सिलेंडर नहीं मिला, उसे सिलेंडर मिले और जो किसी कारण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह गया हो उसे आयुष्मान कार्ड मिले। इस तरह भारत शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति और परिवार को मिले। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तराखंड, त्रिपुरा, राजस्थान और तमिलनाडु के हितग्राहियों से भी संवाद किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम जन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना, आभा हेल्थ आईडी कार्ड, नमो ड्रोन दीदी योजना, एक जिला-एक उत्पाद और वोकल फॉर लोकल जैसी केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और अभियानों का लाभ विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो हकदार है उसे हक दिलाना एक पुण्य का कार्य है। सभी के प्रयासों से ही विकसित भारत का विराट संकल्प सिद्ध होगा।

# राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने नवनियुक्त मंत्रियों को दिलाई शपथ

**18 मंत्री, 6 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 4 राज्यमंत्रियों ने ली शपथ ● राजभवन में आयोजित हुआ गरिमामय समारोह**











**भोपाल :** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 28 विधायकों को मंत्री पद की को शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में 18 मंत्री, 6 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 4 राज्यमंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। मंत्री के रूप में श्री कुंवर विजय शाह, श्री कैलाश विजयवर्गीय, श्री प्रह्लाद सिंह पटेल, श्री राकेश सिंह, श्री करण सिंह वर्मा, श्री उदय प्रताप सिंह, श्रीमती सम्पतिया उइके, श्री तुलसीराम सिलावट, श्री एदल सिंह कंषाना, सुश्री निर्मला भूरिया, श्री गोविन्द सिंह राजपूत, श्री विश्वास सारंग, श्री नारायण सिंह कुशवाह, श्री नागर सिंह चौहान, श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, श्री राकेश शुक्ला, श्री चैतन्य काश्यप "भैया जी" और श्री इन्दर सिंह परमार ने शपथ ली।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में श्रीमती कृष्णा गौर, श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, श्री दिलीप जायसवाल, श्री गौतम टेटवाल, श्री लखन पटेल और श्री नारायण सिंह पंवार ने शपथ ली।


राज्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, श्रीमती प्रतिमा बागरी, श्री अहिरवार दिलीप और श्रीमती राधा सिंह शामिल है। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री वी.डी. शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। शपथ विधि का संचालन मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने किया।

# प्राथमिक मत्स्य पालन सहकारी समितियां

**दिल्ली।** सरकार ने 15 फरवरी, 2023 को देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और देश की सहकारिता के दायरे से बाहर की पंचायतों/गांवों में नए बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों या प्राथमिक डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना करके मैदानी स्तर तक इसकी पहुंच को सघन करने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह कार्य अगले पांच वर्षों में किया जाएगा। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत कदम उठाए गए हैं, जिनमें मत्स्य विभाग की इन परियोजनाओं को शामिल किया गया है-

**1. प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई)-** पीएमएमएसवाई का उद्देश्य मछली उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी, मत्स्य उत्पादन के बाद की अवसंरचना और प्रबंधन, आधुनिकीकरण और मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने में महत्वपूर्ण अंतराल को संबोधित करना है। योजना के तहत, लाभार्थी कुल परियोजना लागत/इकाई लागत का 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं।

**2. मत्स्य पालन और जलीय कृषि बुनियादी ढांचा विकास निधि (एफआईडीएफ)-** एफआईडीएफ का लक्ष्य समुद्री और अंतर्देशीय मत्स्य पालन क्षेत्र, दोनों में ढांचागत सुविधाएं तैयार करना है। इस योजना में आइस-



प्लांट का निर्माण, कोल्ड स्टोरेज का विकास, मछली परिवहन और कोल्ड चेन नेटवर्क बुनियादी ढांचे, ब्रूड बैंकों की स्थापना, हैचरी, मछली प्रसंस्करण इकाइयों, मछली चारा मिलों/संयंत्रों का विकास और आधुनिक मछली बाजारों का विकास शामिल है। एफआईडीएफ के तहत परियोजनाएं उपर्युक्त ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की ब्याज छूट के लिए पात्र हैं।

मत्स्य पालन सहकारी समितियों सहित नई प्राथमिक सहकारी समितियों की स्थापना की यह योजना एनसीडीसी द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी), राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संघ और राज्य सरकारों के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है।

यह योजना मछली उत्पादन में लगे सीमांत मछुआरों सहित छोटे और सीमांत किसानों को अपेक्षित फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज, कौशल विकास, प्रसंस्करण और कोल्ड चेन बुनियादी ढांचा सुविधाएं प्रदान करेगी, जिससे वे अपनी आय बढ़ाने में सक्षम होंगे। समग्रता संबंधी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करके, सीमांत मछुआरे विभिन्न मत्स्य पालन और जलीय कृषि से संबंधित बुनियादी सुविधाओं का आधुनिकीकरण/उन्नयन और स्थापना करने में सक्षम होंगे, जिससे उन्हें अपनी उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिलेगी।

# एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन










इंदौर। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल के सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, इन्दौर द्वारा खंडवा, मंदसौर व नीमच जिले की सहकारी बैंको व पैक्स कर्मचारियों के लिये सहकारी सिद्धांत, सहकारी आंदोलन, सहकारिता का महत्व, सहकारी संस्थाओं के गठन एवं संचालन, केन्द्र सरकार की बी - पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना, पैक्स को होने वाले लाभ तथा योजना से जुडी संस्थाओं के नाम व कार्यो की विस्तार से जानकारी हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षक श्री शिरीष पुरोहित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर द्वारा एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 13/12/ 23 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खंडवा मुख्यालय व जावर शाखा तथा दिनांक 14/12/23 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंदसौर मुख्यालय तथा 15/12/23 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नीमच क्षेत्रिय कार्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संबंधित पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई। प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रशिक्षण को उनके कार्यक्षेत्र हेतु बहुत उपयोगी बताया गया । शिविरों में बैंक के अधिकारियों व पैक्स के कम्प्यूटर ऑपरेटर्स उपस्थिति रहें ।

म.प्र.राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा संचालित
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध

शीघ्र आयें प्रवेश पायें

PGDCA
(योग्यता - स्नातक उत्तीर्ण )
कुल फीस 9100/-

DCA
(योग्यता -10 +2 उत्तीर्ण )
कुल फीस 8100/-

संपर्क :-
सहकारी कम्प्यूटर एवं प्रबंध प्रशिक्षण केंद्र
ई- 8/77 शाहपुरा ,त्रिलंगा ,भोपाल
फोन : 0755-2926160 , 2926159
मो. 8770988938 , 9826876158 Website-www.mpscu.in
Web Portal-www.mpscuonline.in
Email-rajyasanghbpl@yahoo.co.in
सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र
किला मैदान इंदौर, म.प्र. पिन – 452006
फोन- 0731-2410908 मो. 9926451862, 9755343053
Email - ctcindore@rediffmail.com

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा संचालित
(म.प्र. शासन सहकारिता विभाग द्वारा अनुमोदित)

सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
Higher Diploma in Cooperative Management (HDCM)

| योग्यता | अवधि | कुल फीस |
|---|---|---|
| स्नातक उत्तीर्ण | 20 सप्ताह | 20,200/- |

ऑनलाइन आवेदन/प्रवेश हेतु राज्य संघ के पोर्टल www.mpscuonline.in पर विजिट करें

शीघ्र आयें-प्रवेश पायें
माध्यम ऑनलाईन

सम्पर्क

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल
ई 8/77, शाहपुरा, त्रिलंगा, भोपाल, फोन : 0755-2926160, 2926159
मोबा. : 8770988938, 9826876158, .9893281971,
Website : www.mpscu.in, Portal : www.mpscuonline.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in

सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर
किला मैदान, इंदौर (म.प्र.)452006, फोन : 0731-2410908
मोबा. : 9926451862, 9755343053, 9131393234
E-mail : ctcindore@rediffmail.com

सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, जबलपुर
उद्योग भवन के सामने, आकाशवाणी, कटंगा रोड, जबलपुर (म.प्र.)-482001
मोबा. : 9424782856, 8770152341, 9691419585
E-mail : ctcjabalpur@gmail.com

सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, नौगांव
जिला छतरपुर (म.प्र.)-471201
मोबा : 9424782856, 9755844511, 9329590112
E-mail : ctcnowgong@gmail.com

# मध्यप्रदेश सहकारी समाचार 2024

हिन्दी/पाक्षिक

## जनवरी 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| सोम | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगल | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुध | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| गुरु | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्र | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनि | 6 | 13 | 20 | 27 | |

## फरवरी 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| सोम | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगल | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुध | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| गुरु | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्र | 2 | 9 | 16 | 23 | |
| शनि | 3 | 10 | 17 | 24 | |

## मार्च 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरु | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

## अप्रैल 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| सोम | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगल | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुध | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| गुरु | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्र | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनि | 6 | 13 | 20 | 27 | |

## मई 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोम | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगल | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुध | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| गुरु | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्र | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शनि | 4 | 11 | 18 | 25 | |

## जून 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 30 | 2 | 9 | 16 | 23 |
| सोम | | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगल | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुध | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| गुरु | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्र | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |

## जुलाई 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| सोम | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगल | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुध | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| गुरु | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्र | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनि | 6 | 13 | 20 | 27 | |

## अगस्त 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| सोम | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगल | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुध | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| गुरु | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्र | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शनि | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |

## सितम्बर 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| सोम | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| मंगल | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| बुध | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| गुरु | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शुक्र | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शनि | 7 | 14 | 21 | 28 | |

## अक्टूबर 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| गुरु | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शनि | 5 | 12 | 19 | 26 | |

## नवम्बर 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरु | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

## दिसम्बर 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| सोम | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| मंगल | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| बुध | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| गुरु | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शुक्र | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शनि | 7 | 14 | 21 | 28 | |

### शासकीय अवकाश

26 जनवरी- गणतंत्र दिवस, *24 फरवरी- संत रविदास जयन्ती, 8 मार्च - महाशिवरात्रि 25 मार्च - होली, 29 मार्च- पुण्य शुक्रवार (गुड फ्रायडे), †1 अप्रैल- बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी, *9 अप्रैल - गुड़ी पड़वा/महर्षि गौतम जयन्ती, *10 अप्रैल - चैती चांद, 11 अप्रैल - ईद-उल-फित्र, 14 अप्रैल - डॉ. अम्बेडकर जयन्ती/ वैशाखी, 17 अप्रैल - रामनवमी, 21 अप्रैल - महावीर जयन्ती, *10 मई - परशुराम जयन्ती, 23 मई - बुद्ध पूर्णिमा, 9 जून - महाराणा प्रताप जयन्ती/ छत्रसाल जयन्ती, 17 जून - ईदुज्जुहा, 17 जुलाई - मोहर्रम, 15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस, *19 अगस्त - रक्षाबंधन, *26 अगस्त - जन्माष्टमी, *16 सितम्बर - मिलाद-उन-नबी, 2 अक्टूबर - गाँधी जयन्ती, 12 अक्टूबर - दशहरा (विजयादशमी), *17 अक्टूबर- महर्षि वाल्मीकी जयन्ती, 31 अक्टूबर- दीपावली, 15 नवम्बर - गुरुनानक जयन्ती/ राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस (भगवान बिरसा मुण्डा जयन्ती), 25 दिसम्बर- ख्रिस्त जयन्ती (क्रिसमस)

* कोषागारों एवं उप-कोषागारों के लिए यह छुट्टियाँ नहीं हैं. † केवल कोषागारों एवं उप-कोषागारों के लिये यह छुट्टी है.

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल की ओर से प्रकाशक, मुद्रक गणेश प्रसाद मांझी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी मुद्रणालय परिमित, भोपाल से मुद्रित एवं ई-8/77, शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : ऋतुराज रंजन, संपादक : गणेश प्रसाद मांझी
डॉक पंजीयन क्रमांक : म.प्र./भोपाल/357/2021-23 मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967, फोन : 2926159, 2926160, इस अंक में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जिनमें संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है।